महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रो. आनन्द पाटील
**Prof. Anand Patil**
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Registrar (Acting)

दूरभाष / Phone : +91-7152-230902

क्रमांक : 34/2023-24/Literature/16-01/(PF)/798
दिनांक : 21.03.2025

# निविदा-सूचना

विश्वविद्यालय के तुलसी भवन स्थित गालिब सभागर में रैंप बनाने का कार्य किया जाना है। इस कार्य हेतु इच्छुक फर्म संलग्न निविदा की शर्तों का अवलोकन कर वांछित दस्तावेज/प्रमाणपत्र के साथ सीलबन्द वित्तीय निविदा दिनांक 01.04.2025 की अपराह्न 03:00 बजे तक कुलसचिव कार्यालय में उपलब्ध निविदा पेटी (टेंडर बॉक्स) में डलवाना सुनिश्चित करें। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरांत निर्गत है।

21/03/25

(प्रो. आनन्द पाटील)

**प्रतिलिपि :**

1. कुलपति सचिवालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. वित्ताधिकारी कार्यालय
4. प्रभारी, लीला (विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु)
5. संबंधित फाइल

पोस्ट- हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा- 442 001 (महाराष्ट्र), भारत
Post-Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442 001 (Maharashtra), INDIA
वेबसाइट/Website : www.hindivishwa.org, ई-मेल/E-mail : registrar@hindivishwa.org & cdmgahv@gmail.com

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# MAHATMA GANDHI ANTARRASHTRIYA HINDI VISHWAVIDYALAYA

Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills,Wardha-442 001.
(Phone 07152-230902 Website : www.hindivishwa.org)

## (वित्तीय निविदा)

निविदा क्रमांक– MGAHV/CD/34/2024-25/25 दिनांक : 21.03.2025

कार्य का नाम : विश्वविद्यालय के तुलसी भवन स्थित गालिब सभागार में रैंप तैयार करने का कार्य।
**(Name of work : Construction of Ramp for Galib Sabhgar Tulsi Bhawan M.G.A.H.V., Wardha)**

## Financial Bid

| S. No. | Description | Qty. | Unit | Rate | Total Amount (In figure) | Total Amount (In words) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling stone slab flooring laid in cement mortar including stacking of serviceable material and disposal of unserviceable material within 50 metres lead. | 4.95 | Sq.m | | | |
| 2 | Dismantling tile work in floors and roofs laid in cement mortar including stacking material within 50 metres lead. | | | | | |
| | For thickness of tiles 10 mm to 25 mm | 3.92 | Sq.m. | | | |
| 3 | Providing and laying in position ready mixed or site batched design mix cement concrete for reinforced cement concrete work; using coarse aggregate and fine aggregate derived from natural sources, Portland Pozzolana / Ordinary Portland /Portland Slag cement, admixtures in recommended proportions as per IS: 9103 to accelerate / retard setting of concrete, to improve durability and workability without impairing strength; including pumping of concrete to site of laying, curing, carriage for all leads; but excluding the cost of centering, shuttering, finishing and reinforcement as per direction of the engineer-in-charge, for the following grades of concrete.: | | | | | |
| | Concrete of M25 grade with minimum cement content of 330 kg /cum | 4.18 | Cu.m | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Providing and fixing 18 mm thick gang saw cut, mirror polished, premoulded and pre-polished, machine cut for kitchen platforms, vanity counters, window sills, facias and similar locations of required size, approved shade, colour and texture laid over 20 mm thick base cement mortar 1:4 (1 cement: 4 coarse sand), joints treated with white cement, mixed with matching pigment, epoxy touch ups, including rubbing, curing, moulding and polishing of edges to give high gloss finish etc. complete at all levels. | | | | | |
| | Granite stone slab of colour black, Cherry/Ruby red | | | | | |
| | Area of slab over 0.50 sqm | 12.26 | Sq.m | | | |
| 5 | Providing edge moulding to 18 mm thick marble stone counters, Vanities etc., including machine polishing to edge to give high gloss finish etc. complete as per design approved by Engineer-in-Charge. | | | | | |
| | Granite work | 9.70 | Meter | | | |
| 6 | 15 mm cement plaster on rough side of single or half brick wall of mix: | | | | | |
| | 1:4 (1 cement: 4 coarse sand) | 4.49 | Sq.m | | | |
| 7 | Providing and fixing stainless steel ( Grade 304) railing made of Hollow tubes, channels, plates etc., including welding, grinding, buffing, polishing and making curvature (wherever required) and fitting the same with necessary stainless steel nuts and boltscomplete, i/c fixing the railing with necessary accessories & stainless steel dash fasteners ,stainless steel bolts etc., of required size,on the top of the floor or the side of waist slab with suitable arrangement as per approval ofEngineer-in-charge, (for payment purpose only weight of stainless steel members shall be considered excluding fixing accessories such as nuts, bolts,fasteners etc.). | 87.38 | Kg | | | |
| 8 | Distempering with 1st quality acrylic distemper (ready mixed) having VOC content less than 50 gram/litre, of approved manufacturer and of required shade and colour all complete to achieve even shade and colour : | | | | | |
| | (two or more coats) over and including water thinnable priming coat with cement primer having VOC content less than 50 gram/litre | 12.40 | Sq.m | | | |
| | | | | **Total** | | |
| | | | | **GST** | | |
| | | | | **G.Total** | | |

**निविदाकर्ता का हस्ताक्षर एवं मुहर**

## शर्तें :

1. निविदा दिनांक 01.04.2025 अपराह्न 03:00 बजे तक जमा करनी होगी।

2. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

3. PAN की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

4. विगत क्रमिक तीन वर्षो (2021-22, 2022-23, 2023-24) का केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के अनुदानित संस्थानों में सिविल कार्य कराने का अनुभव प्रमाण पत्र जो कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में ₹ 03.00 लाख से कम न हो।

5. लिफाफे पर **'Construction of Ramp for Galib Sabhgar Tulsi Bhawan M.G.A.H.V., Wardha'** लिखकर जमा करना अनिवार्य है।

6. निविदा भरने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण करना अपेक्षित है। संबंधित विषय में जानकारी/स्पष्टीकरण परिसर विकास विभाग कार्यालय से कार्य दिवसों/कार्य समयों (सोमवार-शुक्रवार प्रातः 10 बजे सायं 05 बजे तक) में प्राप्त की जा सकती है।

7. निविदा में दी गई दरें 06 (छह) माह तक वैध रहेंगी।

8. कायदिश जारी होने के पश्चात 45 दिनों में कार्य पूर्ण करना होगा। विलम्ब की दशा में प्रतिदिन ₹ 1,000/- दण्ड स्वरुप बिल से कटौती की जाएगी।

9. उक्त निविदा में संपूर्ण सामग्री, श्रमिक व्यय एवं कर आदि सम्मिलित करना होगा।

10. निविदाकारक को विगत क्रमिक तीन वर्षो (2021-22, 2022-23, 2023-24) का आयकर रिटर्न का प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

11. श्रमिकों का बीमा होना अनिवार्य। (कायदिश प्राप्ति के बाद परिसर विकास विभाग में संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही कार्य प्रारम्भ करना होगा)

12. कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निविदाकारक की होगी।

13. कायदिश प्राप्त निविदाकर्ता को भारत सरकार/महाराष्ट्र सरकार के श्रम कानूनों, बाल मजदूरी कानूनों आदि नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

14. कायदिश प्राप्त निविदाकर्ता को कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने संबंधी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की विशिष्टियों के अनुरुप कार्य सम्पादित करना होगा तथा बिल के साथ आवश्यक टेस्ट रिपोर्ट जमा किया जाना होगा।

15. कार्य के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए विश्वविद्यालय का उत्तरदायित्व अथवा देनदारी नहीं होगी और न ही इस प्रकार का कोई दावा न तो कायदिश प्राप्त निविदाकर्ता द्वारा और न श्रमिकों द्वारा किया जायेगा और न ही विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार किया जायेगा।

16. वित्तीय निविदा में विभिन्न आइटमों की दर्शायी गयी मात्रा अनुमानित है। कार्य सम्पादन के समय किसी भी आइटम की मात्रा में संशोधन हो सकता है या कोई कार्य नहीं भी सम्पादित कराये जाने का निर्णय लिया जा सकता है। उक्त हेतु कायदिश प्राप्त निविदाकर्ता का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा।

17. कार्य के दौरान यदि विश्वविद्यालय की बिजली का उपयोग किया जाता है तो प्रति यूनिट ₹ 15.00 के अनुसार कार्यादेश प्राप्त निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के पक्ष में भुगतान करना होगा। कार्यादेश प्राप्त निविदाकर्ता को बिजली मीटर का व्यय स्वयं वहन करना होगा तथा विभाग के इलेक्ट्रीशियन के माध्यम से ही बिजली कनेक्शन लेना होगा।

18. कार्य हेतु लगने वाले पानी की व्यवस्था निविदाकार को स्वयं करनी होगी।

19. निविदा प्रपत्र एवं संलग्न दस्तावेज़ के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकारक द्वारा हस्ताक्षर एवं मुहर लगाना अनिवार्य है।

20. वित्तीय निविदा में दरों का अधिलेखन (Overwriting) मान्य नहीं होगा इसलिए वित्तीय निविदा में दरों को ध्यान से और बिना अधिलेखन (Overwriting) के भरा जाए।

21. वित्तीय निविदा में त्रुटिपूर्ण गणना (Wrong Calculation) मान्य नहीं होगी। किसी भी प्रकार के संदेह की स्थिति में शब्दों में लिखी गई राशि ही मान्य होगी।

22. दिनांक 25.03.2025 अपराह्न 03:00 बजे तक निविदा को कुलसचिव कार्यालय में उपलब्ध Tender Box में जमा करना होगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

**23. कार्य पूर्ण होने के उपरान्त विश्वविद्यालय के अभियंताओं एवं परामर्शदाता द्वारा कार्य के सत्यापन एवं बिल की जाँच के उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही संपन्न की जाएगी।**

24. निविदा प्राप्त करने वाली फर्म को कार्यादेश जारी होने के 05 दिनों के अंदर निविदा की लागत का 05% Performance Security के रूप में 06 माह के लिए एवं 02 EMD % के रूप में धनराशि डी.डी. के माध्यम से **'वित्ताधिकारी, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा (महाराष्ट्र)'** के नाम से विश्वविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

25. सफल निविदाकारक को ई-मेल/दूरभाष के माध्यम से सूचित किया जाएगा, अतः लिफाफे के ऊपर ईमेल, मोबाइल नम्बर एवं पता अवश्य लिखें।

26. निविदा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/सुधार/संशोधन होने पर उक्त की सूचना मात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org पर प्रकाशित की जाएगी इसलिए वेबसाइट का अवलोकन सुनिश्चित करें।

27. विश्वविद्यालय के पास किसी भी स्तर पर निविदा में निर्धारित जानकारी, शर्तों, प्रक्रिया और प्रोटोकॉल को रद्द करने और जोड़ने का विवेकाधिकार सुरक्षित होगा। इसके खिलाफ निविदाकर्ता का कोई भी दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

28. विश्वविद्यालय बिना कोई कारण बताये किसी भी समय निविदा को निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। किसी भी विवाद की दशा में विवादों का क्षेत्राधिकार वर्धा (महाराष्ट्र) ही होगा।

**निविदाकर्ता का हस्ताक्षर एवं मुहर**